स्थापना दिवस | दमोह में हर बूथ पर लहराया भगवा

# धूमधाम से मनाया गया भाजपा का 47वां स्थापना दिवस

**नवभारत,दमोह.** भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस जिले भर में उत्साह, उमंग और गौरव के साथ जिला मुख्यालय सहित सभी मंडलों व प्रत्येक बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं द्वारा ध्वजारोहण कर मनाया गया.जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी,सांसद राहुल सिंह लोधी, विधायक जयंत मलैया,किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री गोपाल पटेल,पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रामलाल पटेल,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता पटेल सहित व पदाधिकारियों,कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में भाजपा का ध्वज फ्हराया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता,दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया. जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं,बल्कि एक विचारधारा



आधारित राष्ट्र निर्माण का अभियान है.राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करने वाले लाखों कार्य कर्ताओं की मेहनत से भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा संगठन बना है. 6 अप्रैल 1980 को स्थापित भाजपा ने संघर्ष, समर्पण और सेवा के बल पर लंबा सफ़र तय किया है.अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी जैसे दिग्गज

> पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांतों पर चलते हुए भाजपा समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है.वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य केवल सरकार का नहीं, बल्कि हर कार्यकर्ता का संकल्प है. इसके लिए संगठन को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है.सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर नई पहचान बनाई है.

नेताओं के मार्गदर्शन से लेकर आज नरेंद्र मोदी के नेतृत्व तक संगठन निरंतर सशक्त हुआ है. भाजपा की नीतियां गरीब, किसान, युवा और महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित हैं।अंत्योदय की भावना के साथ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही भाजपा का मुख्य उद्देश्य है.राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दी.






## किशुनगंज सेक्टर में जल स्रोत सेवा समागम के तहत दीवार लेखन आयोजित

**नवभारत,पथरिया/दमोह.** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद,जिला दमोह के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था नेहरू युवा नव जागृति नव युवक मंडल समिति बांसा कलां पथरिया द्वारा किशुनगंज सेक्टर में जनसहभागिता के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता व जल संरक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सेक्टर के विभिन्न ग्रामों में दीवार लेखन कार्यक्रम सफ्लतापूर्वक संपन्न हुआ।

# दमोह में शहीदों का दर्शनीय स्थल बनना गौरव की बात

### शुरुआत में मां भारती के जयघोष के नारे लगे, दबे ने सिंधी समाज की सराहना की

**नवभारत, दमोह।** दमोह में प्रस्तावित शहीद दर्शनीय स्थल निर्माण को लेकर मासिक बैठक का आयोजन नगर के एक निजी होटल में आयोजित किया गया। जिसमें नवगठित शहीद दर्शनीय स्थल समिति के पदाधिकारी सदस्य गण विषेष रुप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती के जयघोष के साथ की गई।इस अवसर पर समिति के संरक्षक वरिष्ठ अधिवक्ता पं.वीरेन्द्र दबे ने सिंधी समाज की सराहना करते हुए कहा कि विभाजन के बाद स्वदेष हिंदुस्तान में खाली हाथ आकर इस समाज ने अथक मेहनत, परिश्रम कर अपने बच्चों को भी स्वावलंबी बनाया।आज हर क्षेत्र में सफ्लता अर्जित कर उच्च रोजगार से जुड़कर सबसे अधिक



टैक्स अदायगी में यह राष्ट्रभक्त समाज भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में भी अपना अविस्मरणिय योगदान दे रहा है।दमोह में पार्क व शहीदों के दर्शनीय स्थल बनाने की योजना प्रदेश स्तर से दमोह शहर में लाकर तथा उसको साकार रुप देने के लिए कई वर्षो से प्रयास किया जा रहा है वह संपूर्ण दमोह जिले वासियों के लिए गौरव की बात है। कभी भी कोई भी सेवा हो सदैव साथ है।प्रांतीय सिंधी महापंचायत मध्यप्रदेश के महासचिव तथा समिति के सचिव संजय रोहरा ने मासिक बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि शहीदों के दर्शनीय स्थल निर्माण को लेकर हमारी ओर तैयारी पूर्ण कर ली गई है।

> निवर्तमान कलेक्टर एस कृष्ण चैतन्य द्वारा वर्ष 2023 में राज्य शासन को लिखे गए पत्र के उपरांत शासन की संपूर्ण स्वीकृतियां के सहित सारी अनापत्तियां प्राप्त हो चुकी है।शहीद भगतसिंघ, सुखदेव,राजगुरू व हेमू कालाणी की प्रतिमाएं तैयार कराकर लाई जा चुकी है जिसकी सारी जानकारी मौजूदा कलेक्टर से मिलकर दी जा चुकी है। 23 मार्च को भूमिपूजन किया जाना प्रस्तावित था परंतु कलेक्टर के अवकाष पर होने के कारण विभागीय स्वीकृति न मिल पाने के चलते इसको कुछ समय के लिए स्थगित किया गया है।बुधवार को समिति के सदस्यों के साथ कलेक्टर से मुलाकात की जाएगी।समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूर्व पार्षद परषोत्तम सोनी ने कहा की लोकहित में किए जा रहे है.




## 26 छात्राओं ने अभिभावक के साथ जाकर एचवीपी टीका लगवाया

**नवभारत,बटियागढ़/दमोह.** एचवीपी वैक्सीनेशन दिनांक 6 अप्रैल सोमवार को कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में सामुदायिक उप स्वास्थ्य केंद्र नरसिंहगढ़ में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहगढ़ से वैक्सीनेशन अभियान में 26 छात्राओं ने अभिभावक के साथ जा कर वैक्सीनेशन टीका लगवा कर भविष्य में किसी को कोई भी असाध्य बीमारी न होने के लिए टीका लगवाए तत्पश्चात संकुल केंद्र नरसिंहगढ़ अंतर्गत किशनगंज हाई सेकेंडरी स्कूल सीता नगर हाई सेकेंडरी स्कूल मिडिल स्कूल की छात्राओं ने भी वैक्सीनेशन में अधिक से अधिक अपनी उपस्थिति देकर वैक्सीनेशन टीकारण कराया.

# मप्र शिक्षक संघ ने विधायक जयंत मलैया को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत,दमोह। मप्र शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी ने सोमवार को विधायक जयंत मलैया से भेंट कर शिक्षक पात्रता परीक्षा और शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा।संघ के प्रतिनिधियों ने विधायक के माध्यम से सरकार तक अपनी बात पहुँचाते हुए प्रदेश के लगभग 1 लाख शिक्षक-शिक्षिकाओं के भविष्य पर चिंता व्यक्त की है।** ज्ञापन में संघ ने अपनी अपनी मांगों में स्पष्ट किया कि शिक्षा की गुणवत्ता के साथ-साथ शिक्षकों का सम्मान और उनके विधिक अधिकार भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। पुनर्विचार याचिका की मांग संघ ने



आग्रह किया है कि दिल्ली के न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर की जाए, ताकि प्रदेश के हजारों शिक्षकों के हितों का कानूनी संरक्षण हो सके।संसदीय हस्तक्षेप की अपेक्षा विधायक श्री मलैया से अनुरोध किया है कि वे इस विषय को विधानसभा में उठाएं।साथ ही मुख्यमंत्री के माध्यम से भारत सरकार तक यह बात पहुँचाई जाए। प्रमेंद्र जैन संभागीय अध्यक्ष मप्र शिक्षक संघ विधायक का आश्वासन वरिष्ठ विधायक जयंत मलैया ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे इस गंभीर विषय को शासन के समक्ष उचित मंचों पर उठाएंगे और शिक्षकों के साथ न्याय हो,इसके लिए हर संभव प्रयास करेंगें।

## दिनेश गोस्वामी को 4 दशकों का शानदार अनमोल अनुभव

**नवभारत,दमोह.** पुलिस लाइन दमोह में पदस्थ एएसआई आफिसर दिनेश गोस्वामी को 4 दशको का अनमोल अनुभव शानदार रहा.उन्होंने बताया कि मित्रों 2 अप्रैल 1986 आज ही के दिन 40 साल पहले पुलिस सेवा में आया था और भी निरंतर जन सेवा (नौकरी) जारी है.यह 40 वर्ष केवल नौकरी का समय नहीं, बल्कि सेवा, त्याग, अनुशासन और समर्पण की यात्रा है.आगे भी मैं वचन देता हूँ कि जितनी नौकरी शेष है,वह भी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कर्तव्यों का निर्वहन किया ।



# मायसेम सीमेंट ने बदली बालिका छात्रावास की सूरत, जीर्णोद्धार कार्य की हुई सराहना

**नवभारत,दमोह.** क्षेत्र के विकास और सामुदायिक उत्थान की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए,मायसेम सीमेंट (हेडलवर्ग सीमेंट इंडिया लिमिटेड)द्वारा नरसिंहगढ़ स्थित नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास का कायाकल्प किया गया है.कंपनी के इस सामाजिक सरोकार (सीएसआर) कार्य की छात्रावास प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन ने जमकर प्रशंसा की है.

### जर्जर भवन से आधुनिक स्वरूप तक

छात्रावास प्रबंधन समिति और अधीक्षिका के अनुरोध पर मायसेम सीमेंट ने छात्रावास के जीर्णोद्धार का जिम्मा उठाया था.इससे पूर्व छात्रावास का भवन अत्यंत जर्जर



अवस्था में था, जिससे वहां रहने वाली बालिकाओं, वार्डन और सहायक स्टाफ को हमेशा किसी अनहोनी का डर बना रहता था. कंपनी द्वारा कराए गए मरम्मत और नवीनीकरण कार्य के बाद अब संपूर्ण भवन न केवल सुरक्षित हो गया है, बल्कि अत्यंत आकर्षक और सुंदर भी दिखाई दे रहा है.

### प्रेरणादायक वातावरण का निर्माण

जीर्णोद्धार के साथ-साथ मायसेम सीमेंट ने छात्राओं के मानसिक विकास और उत्साहवर्धन के लिए छात्रावास की दीवारों पर प्रेरणादायक संदेश और कलाकृतियां (पेंटिंग्स) भी बनवाई हैं.यह सकारात्मक वातावरण छात्राओं को शिक्षा के प्रति और अधिक प्रेरित करेगा.

> **प्रबंधन ने जताया आभार**
>
> छात्रावास प्रबंधन ने मायसेम सीमेंट को प्रशंसा पत्र सौंपते हुए हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया.पत्र में उल्लेख किया गया किपूर्व में भवन की जर्जर स्थिति थी उसे मायसेम सीमेंट ने अपनी मेहनत से एक नया और सुंदर स्वरूप दिया है. हम आशा करते हैं कि भविष्य में भी फैक्ट्री प्रबंधन इसी प्रकार विकास कार्यों में अपना सहयोग जारी रखेगा.इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों और गणमान्य व्यक्तियों ने कंपनी के इस प्रयास को ग्रामीण विकास की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है.



## लिपिक संघ की मांग पर अराजक तत्व पर दर्ज हुई एफआईआर

**नवभारत,दमोह.** कार्यालय जिला कलेक्टर दमोह के नकल शाखा में कार्यरत लिपिक कर्मचारी अफ्सर खान के द्वारा म.प्र. लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ को लिखित पत्र देकर अवगत कराया गया कि शासकीय कर्तव्य निर्वाह के दौरान अराजक तत्व अबरार खान पिता बाबू खान द्वारा धमकी देते हुये नियम विरूद्ध तत्काल नकल नहीं लेने के कारण उसके द्वारा पिछले डेढ माह से मेरे विरूद्ध लगातार सूचना के अधिकार का दुरू उपयोग कर मुझे प्रताड़ित किया जा रहा है.वह मुझे शासकीय सेवा से अलग कराने की धमकी देता है व नौकरी बचाये रखने के लिये 5 लाख रूपये की मांग भी कर रहा है.संघ ने सूझ-बूझ से अपने लिपिक साथी को प्रताड़ना से मुक्ति हेतु अफ्सर खान के उक्त पत्र पर तत्काल कार्यवाही करेगें.

### एक नजर में



## जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान तेज, एक दिन में 441 बालिकाओं का टीकाकरण

**नवभारत,दमोह.** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के मार्गदर्शन में जिले में चल रहे भ्च्ट टीकाकरण अभियान के अंतर्गत आज 22 स्थानों पर सत्र आयोजित किए गए, जिनमें कुल 441 बालिकाओं का टीकाकरण किया गया। यह अभियान पूरे देश में संचालित हो रहा है, जो आगामी 3 माह तक जारी रहेगा।वर्तमान में मध्य प्रदेश इस अभियान में प्रथम स्थान पर है।जिला टीकाकरण अधिकारी विक्रांत सिंह चौहान ने बताया भ्च्ट का टीका पूर्णत: सुरक्षित है और अब तक विश्व के 165 देशों में 50 करोड़ से अधिक बालिकाओं को यह टीका लगाया जा चुका है। भारत में इस अभियान की शुरुआत 28 फरवरी 2026 से हुई है।दमोह जिले में अब तक सभी विकासखंडों में कुल 370 सत्र आयोजित किए जा चुके हैं।




## समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तारीख बार-बार बढ़ाने पर किसानों में रोष व्याप्त

**नवभारत,दमोह.** भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत की बैठक रीवा जिले में भारत माता पूजन के साथ शुरू हुई व 24 जिलों के व्रत व अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई.24 जिलों अध्यक्ष मंत्री जिला प्रचार प्रमुख कोषाध्यक्ष प्रांत प्रचार प्रमुख व प्रांतीय पदाधिकारी और प्रदेश पदाधिकारीयों की बैठक में उपस्थिति रही.प्रदेश के किसानों की समस्याओं के सम्बन्ध में प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह अंजना ने बताया कि समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तारीख बार-बार बढ़ाने पर किसानों में रोष व्याप्त है.इससे किसानों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है.जहां सरकार किसानों आय दो गुना से आठ गुना तक बढ़ाने की बात कर रही कृषि कल्याण वर्ष मना रही है. सहकारी बैंकों द्वारा 0 प्रतिशत ब्याज पर सेवा सहकारी संस्था की ड्यू डेट 28 मार्च के बाद नहीं बढ़ाए जाने पर किसानों को साल भर का 7 प्रतिशत ब्याज व 14 प्रतिशत दंड लग गया.

## पेंशनर्स संघ जिला इकाई दमोह की मासिक बैठक का आयोजन

**नवभारत,दमोह।** 5 अप्रैल 2026 को मध्यप्रदेश पुलिस पेंशनर्स संघ जिला इकाई दमोह की मासिक बैठक का आयोजन स्थानीय बड़ी देवी मंदिर प्रांगण मे किया गया. बैठक में पेंशनर्स की सामूहिक समस्याओं पर चर्चा की गई. संघ के प्रांतीय सदस्यों को परिचय पत्र वितरण किया गया.रामप्रकाश तिवारी व अर्जुन प्रसाद अहिरवार ने प्रांतीय सदस्यता ग्रहण की सभी प्रांतीय सदस्यों का स्वागत किया गया.सेवा निवृत्त निरीक्षक उत्तम लाल अहिरवार के पुत्र संदीप अहिरवार का बीमारी के कारण दिनांक 18/03/26 को निधन हो जाने से संघ परिवार द्वारा दो मिनिट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई, बैठक शांति पूर्वक सम्पन्न हुई.

# पीजी कॉलेज आडिटोरियम में संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय शिविर आयोजित

**नवभारत,दमोह. सरकार अंत्योदय की भावना के साथ कार्य कर रही है और देश प्रथम के सिद्धांत को प्राथमिकता दे रही है।संकल्प से समाधान' अभियान आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ है।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि नागरिकों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। संकल्प से समाधान अभियान के तहत प्रशासन स्वयं लोगों के द्वार पर पहुँचकर उनकी समस्याओं को एकत्रित कर उनका निराकरण कर रहा है। इस आशय के विचार प्रदेश के संस्कृति,पर्यटन,धार्मिक न्यास



एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने शासकीय पीएम श्री पी.जी कॉलेज आडि टोरियम में संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय शिविर में व्यक्त किये।कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित और माल्यार्पण से की गई। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष डॉं रामकृष्ण कुसमरिया, पूर्व मंत्री व दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे मंचासीन रहे।राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि आने वाले समय में भारत वैश्विक स्तर पर और अधिक सशक्त बनेगा। उन्होने कहा लाड़ली लक्ष्मी योजना' के तहत 21 वर्ष की आयु पर 1.18 लाख रुपये की सहायता दी जाती है। वहीं मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत विवाह के समय 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष डॉक्टर रामकृष्ण कुसमरिया ने कहा 'संकल्प से समाधान' कार्यक्रम देश, प्रदेश और समाज के लिए वरदान साबित हो रहा है।

> **संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत 75524 आवेदन हुए स्वीकृत**
>
> संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत तीनों चरणों में कुल 76414 आवेदन प्राप्त हुए हैं,जिनमें 62333 ग्रामीण क्षेत्र के एवं 14081 आवेदन शहरी क्षेत्र के हैं।सभी प्राप्त आवेदनों का निराकरण कराया जा चुका है,इसमें 75524 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं व 890 आवेदन अपात्रता के कारण निरस्त हुए हैं। ज्ञात हो कि पात्र हितग्राहियों को भारत सरकार व राज्य शासन की 106 प्रकार की हितग्राही मूलक योजनाओं व सेवाओं का लाभ प्रदान किया ।

जागरूकता | संस्कार, संगठन और समर्पण से ही मातृ शक्ति का निर्माण

# सशक्त मातृशक्ति भारत के स्वर्णिम भविष्य की जननी है

**नवभारत,दमोह.** नगर में दिनांक 5 अप्रैल रविवार शाम 6 बजे राष्ट्र सेविका समिति ने वर्ष प्रतिपदा के उपलक्ष्य में राष्ट्र सेविका समिति का पथ संचलन निकाला. जिसमें बड़ी संख्या में दमोह जिले के सभी खंडों से महिलाओं और युवतियों ने भाग लिया, कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य वक्ता क्लीं राय जी के उद्बोधन से हुई.चैत्र प्रतिपदा के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक व सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए, राष्ट्र सेविका समिति की स्थापना, उद्देश्य व कार्यशैली पर विस्तार से बताया. उन्होंने बताया कि समिति का उद्देश्य शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक ही नहीं



आत्मिक रूप से सशक्त व संस्कारित मातृ शक्ति का निर्माण जो राष्ट्र के लिए निष्ठापूर्वक समर्पण कर सकें. समिति नारी को भक्ति, शक्ति, युक्ति से सुसज्जित करती है, उनमें मातृत्व, कर्तृत्व और नेतृत्व की शक्ति भरती है.आज की चुनौतियों में पश्चिमी अंधानुकरण से संस्कारों का क्षय सर्वाधिक चिंताजनक है. नारी के जागने से ही राष्ट्र जागेगा.जागरूक और दृढ़ नारी ही संस्कारों के साथ संगठन की क्षमता रखती है. उन्होंने पंच परिवर्तन पर प्रकाश डालते हुए, आह्वान किया कि स्वयं की सनातन नित्य सत्ता को अनुभूत करते हुए, श्रेष्ठ लक्ष्य का निर्धारण करें, व प्राप्त समय, ऊर्जा और संसाधनों का सदुपयोग करें. संचलन की शुरुआत सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय से होते हुए बस स्टैंड, घंटाघर , अस्पताल चौराहा, कीर्ति स्तंभ से होते हुए बैंक चौराहा विवेकानंद चौराहा अंतत: सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में समापन हुआ.पूरे मार्ग पर जगह-जगह संचलन का स्वागत किया गया, नगर वासियों ने फूल बरसाकर सेविकाओं का अभिनंदन किया.

> उपरोक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती समीक्षा बजाज विद्यालय संचालिका (शाइनिंग स्टार विद्यालय),मुख्य वक्ता श्रीमती क्लीन राय (सागर जिला बौद्धिक प्रमुख प्रांत सह मंत्री, भारतीय शिक्षण मंडल) व राष्ट्र सेविका समिति की प्रांत कार्यालय प्रमुख मेघा ताम्रकार विभाग शारीरिक प्रमुख हिमांशी कुशवाहा व जिला कार्यवाहिका श्रीमती सविता उपाध्याय की उपस्थिति रही. इस अवसर पर पुलिस व्यवस्था में सीएसपी एचआर पांडे, टीआई कोतवाली मनीष कुमार, टीआई यातायात दलबीर सिंह मार्को, टीआई रचना मिश्रा, एएसआई अलजार सिंह, उषा साहू और पुलिस बल मौजूद रहा.

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना पटेरा द्वारा वर्ष 2021 के प्रकरण में अपहृता की दस्तयाबी

**नवभारत,दमोह.** पुलिस मुख्यालय भोपाल मप्र द्वारा चलाये जा रहे मुस्कान अभियान अंतर्गत नाबालिक बालिक/बालिकाओ की अधिक से अधिक दस्तायाबी हेतु पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ती सोमवंशी द्वारा आदेशित किया गया था जो इसी तारतम्य मे थाना पटेरा के अपराध क्रमांक अप.क्र.100/21 धारा 363ताहि की अपहर्ता की दस्तयाबी हेतु पुलिस अधीक्षक/अति.पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में व एसडीओपी हटा के मार्गदर्शन में पुलिस थाना पटेरा द्वारा टीम गठित कर अपहृता की तलाश हेतु सतत् प्रयास किये गये जो मुखबिर की सूचना पर अपहृता को ग्राम छुल्ला थाना गढ़ाकोटा जिला सागर से दस्तयाव कर परिजनो को सुपुर्द किया गया.